# RAINBOW SATHI
# रेनबो साथी

SPECIAL ISSUE 2023







हमने किया, हम कर सकते हैं

We Can Do, We Have Done

Child Participatory Review And Reflection

RAINBOW SATHI • रेनबो साथी • రెయిన్‌బో సాథీ • ரெயின்போ சாத்தி • ರೈನ್‌ಬೋ ಸಾಥಿ • রেইনবো সাথী

# TEAM Work

**Year 7, Issue 27**
Special Issue 2023

**EDITOR IN CHIEF**
**BHASHA SINGH**

**ADVISIORY BOARD**
T.M. KRISHNA
GEETA RAMASWAMY
K. LALITHA,
K. ANURADHA

**EDITORIAL BOARD**
CHANDA (DELHI)
M SRAVANTHI (HYDERABAD)
AMITA KUMARI (PATNA)
MADHUMITA, (KOLKATA)
AMBIKA, DEEPTI BEZWADA WILSON

**CHILD JOURNALIST**
AMBIKA KALE, PUNE
PREETI KUMARI, RANCHI
ANIKET LOHRA, RANCHI
SUMMI MUNIR, DELHI
DEEPAK AMAN, DELHI
DEVI.S PRASAD, HYDERABAD
K.LAVANYA, HYDERABAD
TAPITEJ, HYDERABAD
KIRUTHIKA S, CHENNAI
CHAMPA, PATNA
SHYAM, PATNA
V.DURGAPRASAD, HYDERABAD
DURGA SHETTI, PUNE
RUPAL ORAON, RANCHI
DUBRAJ MALAR, RANCHI
LAXMI , BANGALORE
VENISSA NIYOLA D'SOUZA, BANGALLORE
SABINA KHATUN, KOLKATA
SUTAPA DOLUI, KOLKATA
AAKASH, PATNA
RUPALI TERESA DEY, KOLKATA
ARJUN H, CHENNAI
KOKILAVANI M, CHENNAI

**CITIZEN JOURNALIST**
ARTI SINGHASAN, DELHI
PRIYADHARSHINI, CHENNAI
MAUSAM KUMARI PATNA
AISHWARYA, BANGALLORE
AMAN KUMAR, HYDERABAD
CH.NIKITHA, HYDERABAD
SELVI M, CHENNAI
SANTHOSH, BANGALLORE

**SUPPORT TEAM**
MANJULA TELAGADE, BANGALORE
SABARITHA, CHENNAI
SHREETANJALI, DELHI
KRANTHI KIRAN & AHAROAN KANKANALA, HYDERABAD & ANANTAPUR
RAJASHREE CHAKRABORTY, KOLKATA
MADHURI, MUMBAI
ANSHUL RAI, PATNA
RUBANA & SARIKA, PUNE
SHWETA KACHHAP, RANCHI

Design: ROHIT KUMAR RAI



## Editor's Column

# हम बोलें दुनिया सुने...



**दोस्तो**

आत्मविश्वास एक ऐसा अहसास है, जो बड़ी से बड़ी चुनौती से मुकाबला करने के लिए हमें तैयार कर देता है। अगर हम पूरी विश्वास के साथ यह कहें कि हम अपनी निगरानी खुद करने लायक है, हम खुद अपनी और अपने सिस्टम की गड़बड़ियों को सुधारने में सक्षम हैं, तो शायद बहुत से लोगों को हम पर विश्वास नहीं होगा। सच यह है कि ऐसा हमने करके दिखा दिया है।

अपने संगी-साथियों के साथ मिल कर ऑडिट करना, चुने हुए बिंदुओं पर अपने और बाकी रेनबो होम्स का निरीक्षण करना, होम्स के बच्चों के साथ बहस-मुबाहिसा करते हुए देखना-समझना बेहद रोचक और ज्ञानवर्धक प्रक्रिया रही। इसी दौरान हमने भीतर से महसूस किया कि केयर और केयर के पीछे की पूरी सोच क्या होती है। यही वह लोकतांत्रिक स्पेस है, जो हम सब बच्चों के दिल की आवाज़ है। इसमें बराबरी है, एक दूसरे के विचारों का सम्मान करते हुए बहस की गुंजाइश है। इस पूरी प्रक्रिया ने हमारी संस्था को भीतर से मजबूत किया और हमें एक बेहतर-मजबूत-प्रतिबद्ध भारतीय नागरिक बनने की राह दिखाई। हम अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक हुए।

इसी क्रम में जो फिल्म बनी, उसने भी इस पूरी प्रक्रिया को सबके सामने प्रमाण सहित रखा कि जब बच्चों को उचित ट्रेनिंग दी जाती है और उन पर भरोसा रखा जाता है तो वे कितनी खूबसूरती के साथ जिम्मेदारियों को पूरा करते हैं। इसी दौरान हमने दरअसल, अपनी संस्था को भी बहुत करीब से महसूस किया और जाना कि बाल सभाओं में जब हम खाने के मेन्यू पर चर्चा करते हैं तो दरअसल किस तरह का अधिकार हमें मिलता है। कैसे एक की पसंद दूसरे की पसंद से मेल-जोल करते हुए खाने की थाली में स्वादिष्ट भोजन की शक्ल में सामने आती है। साथ रहना, प्रेम से रहना, एक-दूसरे के सुख-दुख की चिंता करना ही रेनबो होम्स का मंत्र है। हम सब अलग-अलग होते हुए भी एक हैं, हम सब भारत हैं। हैं, ना!

हम लड़ेंगे, हम जीतेंगे !!!

# We speak, the world listens.

**Friends**

Self-confidence is a feeling which makes us ready to face any type of challenge. If we speak out confidently that we are capable of putting ourselves to scrutiny and we are also able to improve the issues & shortcomings in our personality as well as in system around us, then many people might not believe us. But we have actually done this.

To join our friends and other students for a social audit, evaluate ours as well as other Rainbow Homes on selected indicators, debating and discussing with children of various Homes—this all was a very interesting and learning process. While doing this, we also realised that what is actually child care and what is the whole idea behind it. This is our democratic space which reflects our inner voice. This is a process of equality where we have full opportunity to debate while respecting views of others. This whole process has strengthened our institution and has also helped us in becoming better, strong and responsible Indian citizens. We became aware of our rights as well as our duties.

A film, which was shot while this audit was being done, puts forward this whole process in its true perspective and says that when children are trained properly and a confidence is shown in their capabilities, then they fulfil their responsibilities very beautifully. During this process, we learned more about our own institution and understood that when we actually discuss various issues like food menu in our Bal Sabha, then how are we empowered. How, while discussing food choices of each other, we actually form a culture of mutual respect and sharing. To live together with love and caring about each other are the mantras that we follow at Rainbow Homes. We are different, yet we are one as our India! Isn't it!!

WE SHALL FIGHT, WE SHALL WIN!!!

RAINBOW SATHI • रेनबो साथी • రెయిన్‌బో సాథీ • ரெயின்போ சாத்தி • ರೈನ್‌ಬೋ ಸಾಥಿ • রেইনবো সাথী

# It's Different When Children Decide

## NATIONAL CONSULTATION ON CHILD PARTICIPATION IN CARE INTERVENTIONS





Rainbow Homes Program organized a National Consultation themed "Child Participation in Care Interventions - Voices and Experiences of Children" on the 6th April, 2023 at Hyderabad. The Consultation aimed explicitly at deliberating on the rights of street children and presenting the voices and experiences of children under Rainbow's care, on participatory review and reflection exercise carried out by them. The consultation also aimed at launching & releasing latest studies; documentary on child participation; discuss UN General Comment 21 (2017) that specifies issues facing children in street situations and release the findings of the social audit process as mandated by JJ Act for RHP homes in three cities.

On this occasion, latest publications and audio-visual of TRC were released with the eminent guests launching them on the stage.

- The Guest of Honour, Jayesh Ranjan - Principal Secretary, Commerce and Information Technology, Telangana state released the following publications: i) report titled "Impact of COVID 19 on Emotional Wellbeing of Children under RHP" conducted by Banyan Academy of Leadership in Mental Health (BALM), Chennai covering 184 children in 6 Rainbow cities; and ii) the brochure on longitudinal impact assessment study conducted by ERU Consultants Pvt Ltd. which covered 272 children of 4 Rainbow cities.
- A documentary film on 'Child Participatory Review & Reflection Processes' was launched by the honourable guest Sudeshna Roy, Chairperson, West Bengal Commission for Protection of Child Rights. This documentary involves 35 children & staff from Patna and Hyderabad homes, who were part of this child-led participatory process exercise and who explained about the whole processes in the documentary.
- Apart from these, the latest issue of 'Rainbow Sathi'- our quarterly journal by the children and for the children was also launched by Fr Koshi- Vice Rector and Director, Don Bosco Navajeevan, Secunderabad.

> The Consultation aimed explicitly at deliberating on the rights of street children and presenting the voices and experiences of children under Rainbow's care, on participatory review and reflection exercise carried out by them.

The child resource persons of Rainbow Homes Programs from Patna, Delhi and Hyderabad, who had been the part of Child-Led participatory review & reflection exercises in their respective cities shared their experiences of such exercise and the process being followed. About 35 children from three cities were present in the consultation.

At the event, findings of Social Audit that was carried out in three Rainbow Homes in Delhi by an external expert group were also released. The expert group pointed out the gap areas and recommended areas of improvement in care practices in Rainbow Homes in Delhi.

The consultation had eminent panel group from different child care organizations from Hyderabad, Delhi and Pune, who were invited in the panel to present their practices and opinions on the topic- 'Child Participation in Care - From the lens of Interventions'. Experts from eminent academic institutions from Chennai, Hyderabad, Patna, Delhi, Ranchi came together to observe the panel on the topic- Child Participation in Care - Academic Implications: Change Makers of Tomorrow. The panellist delivered their thoughts on implications of child participation on young adults after leaving care organizations, impacts in incorporating child participation in social work curriculum, child participation compliances in JJ and RTE etc.

The one-day National Consultation enabled the organisers and participants to use different and divergent lenses in looking at Child Participation in the care setups. Key advocacy related recommendations and the identified areas of action emerging from the consultation to influence policy and practice was presented at the end of sessions by K Anuradha (ED-RHP), Satya Pillai (Director, KDDC-RHP) and Vinoy Ohdar (Director, Program -RHP).




# जब बच्चे तय करते हैं तो चीजें बदलती हैं

## राष्ट्रीय कंसल्टेशन: देखभाल हस्तक्षेप में बच्चों की भागीदारी

रेनबो होम्स प्रोग्राम ने 6 अप्रैल, 2023 को हैदराबाद में "देखभाल हस्तक्षेप में बच्चों की भागीदारी - बच्चों की आवाज़ें और अनुभव" विषय पर एक राष्ट्रीय कंसल्टेशन का आयोजन किया। कंसल्टेशन का उद्देश्य खास तौर पर सड़क पर रहने वाले बच्चों के अधिकारों पर विचार-विमर्श करना और रेनबो होम की देखभाल के तहत रह रहे बच्चों द्वारा की गई भागीदारी समीक्षा और बच्चों के प्रतिबिंब अभ्यास के मार्फत उनकी आवाज़ और अनुभवों को सामने लाना था। कंसल्टेशन के दौरान नवीनतम अध्ययनों को पेश करके उनके निष्कर्षों को सार्वजनिक किया गया; बच्चों की भागीदारी पर एक डॉक्यूमेंटरी फिल्म जारी की गई; उस संयुक्त राष्ट्र सामान्य टिप्पणी 21 (2017) पर चर्चा की गई जो सड़क पर बच्चों के सामने आने वाली समस्याओं का जिक्र करती है और अंत में जेजे अधिनियम द्वारा निर्धारित सोशल ऑडिट प्रक्रिया को लेकर तीन शहरों में स्थिति रेनबो होम्स के निष्कर्षों को जारी किया गया।

**इस अवसर पर, टीआरसी के नवीनतम प्रकाशनों और ऑडियो-विज़ुअल्स को वहां मौजूद प्रबुद्ध लोगों ने जारी किया-**

- विशेष अतिथि, जयेश रंजन - प्रधान सचिव, वाणिज्य और सूचना प्रौद्योगिकी, तेलंगाना राज्य ने निम्नलिखित प्रकाशन जारी किए: i) बनयान एकेडमी ऑफ लीडरशिप इन मेंटल हेल्थ (बाम), चेन्नई द्वारा 6 रेनबो होम शहरों में 184 बच्चों को शामिल करते हुए "आरएचपी के तहत बच्चों के भावनात्मक कल्याण पर कॉविड-19 का प्रभाव" शीर्षक से रिपोर्ट; और ii) ईआरयू कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मूल्यांकन अध्ययन पर तैयार किया गया ब्रोशर जिसमें 4 रेनबो होम्स शहरों के 272 बच्चों को शामिल किया गया।
- 'बाल भागीदारी समीक्षा और प्रतिबिंब प्रक्रियाओं' पर एक डॉक्युमेंट्री फिल्म को माननीय सुदेशना रॉय, अध्यक्ष, पश्चिम बंगाल, बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जारी किया गया। इस डॉक्युमेंट्री में पटना और हैदराबाद के 35 बच्चों और स्टाफ के लोगों ने शिरकत की है शामिल हैं जो बच्चों के नेतृत्व में चलने वाली भागीदारी प्रक्रिया का हिस्सा थे।
- इनके अलावा बच्चों की अपनी त्रैमासिक पत्रिका 'रेनबो साथी' के नए अंक को भी फादर कोशी- वाइस रेक्टर और निदेशक, डॉन बॉस्को नवजीवन, सिकंदराबाद ने जारी किया।

पटना, दिल्ली और हैदराबाद रेनबो होम्स के जो चाइल्ड रिसोर्स पर्सन अपने-अपने शहरों में बच्चों के नेतृत्व वाली भागीदारी समीक्षा और बाल प्रतिबिंब अभ्यास के इस काम का हिस्सा रहे थे, उन लोगों ने भी इस तरह के अभ्यास और उसमें अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के अपने अनुभव साझा किए। कंसल्टेशन में इन 3 शहरों से लगभग 35 बच्चे उपस्थित थे।

कंसल्टेशन में एक बाहरी विशेषज्ञ समूह द्वारा दिल्ली के 3 रेनबो होम्स में किए गए सामाजिक ऑडिट के निष्कर्षों को भी जारी किया गया। विशेषज्ञ समूह ने दिल्ली में रेनबो होम्स में देखभाल की प्रक्रिया में खामियों और उसमें सुधार की सिफारिशों को भी पेश किया।

कंसल्टेशन में पहली पैनल चर्चा में हैदराबाद, दिल्ली और पुणे के विभिन्न बाल देखभाल संगठनों के प्रमुख लोग शामिल थे, जिन्होंने 'देखभाल में बच्चों की भागीदारी- हस्तक्षेप के नजरिये से' विषय पर अपनी राय और सुझाव रखे। उसके बाद, अगली पैनल चर्चा में चेन्नई, हैदराबाद, पटना, दिल्ली व रांची के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के विशेषज्ञ 'देखभाल में बाल भागीदारी- शैक्षणिक प्रभाव – भविष्य के चेंजमेकर्स' पर चर्चा के लिए साथ आए। चर्चा में शामिल लोगों ने बाल कल्याण संस्थानों से बाहर निकलने के बाद युवा वयस्कों पर बाल भागीदारी के असर पर चर्चा की। साथ ही सामाजिक कार्य पाठ्यक्रम में बच्चों की भागीदारी को शामिल करने के प्रभाव और जेजे व आरटीई कानूनों में में बाल भागीदारी के अनुपालन को सुनिश्चित करने पर भी अपने विचार रखे।

इस एक दिवसीय राष्ट्रीय कंसल्टेशन ने आयोजकों और प्रतिभागियों को बाल कल्याण व्यवस्थाओं में बाल भागीदारी को देखने के अलग-अलग नजरियों समझने का मौका मिला। सभी सत्रों के अंत में के. अनुराधा (ईडी-आरएचपी), सत्या पिल्लई (निदेशक, केडीडीसी-आरएचपी) और विनॉय ओहदार (निदेशक, कार्यक्रम-आरएचपी) ने दिनभर के कंसल्टेशन से उभरकर आई नीति और क्रियान्वयन को प्रभावित करने वाले एडवोकेसी संबंधी मुख्य सिफारिशें और कार्रवाई के चिन्हित बिंदुओं का सार पेश किया।



RAINBOW SATHI • रेनबो साथी • రెయిన్‌బో సాథీ • ரெயின்போ சாத்தி • ರೈನ್‌ಬೋ ಸಾಥಿ • রেইনবো সাথী

**Bengaluru**

# LEARNING THROUGH EVENTS & ACTIVITIES


Children of SRN Rainbow Home enjoyed various activities in the summer camp.


A regular health check-up for the children at the NSN Rainbow Home in Bengaluru.


Perfect pose: Children of NJH Rainbow Home on the Yoga Day.


Young adults associated with the Futures Program went to post office for a learning visit.


Children of NSN Rainbow Home enjoying a visit to planetarium in the city.


Children celebrated Environment Day at NSN Rainbow Home in Bengaluru.

National Consultation

# THE WAY FORWARD

## CHARTER OF RECOMMENDATIONS



The one -day National Consultation enabled the organisers and participants to use different and divergent lenses in looking at Child Participation in the care setups. Key recommendations and the identified areas of action emerging from the consultation was presented at the end of all sessions by K Anuradha (ED-RHP), Satya Pillai (Director, KDDC-RHP) and Vinoy Ohdar (Director, Program -RHP). Specific advocacy related recommendations derived for influencing policy and practice were as under:

**1. Children as rights holders -** Children should be prepared to claim their rights as rights holders. There should be guidelines that the child's agency is built towards understanding, demanding and exercising the rights. The capacity of the duty bearers should be developed to understand the rights-based approach in the care, protection and development programs of street children.

**2. Child Participation –** Participation of children should be ensured at all the levels such as needs assessments, planning, management of child care programs including children's homes. Child Participatory Review and Reflections should be institutionalised in the Child Care Homes.

**3. Data Collection and Research -** Need for authentic data on street children is always felt; therefore, special measures should be taken to enumerate the children on the streets. Civil Society Organisations services should be taken in the survey and need assessments of the children.

**4. Access to legal identity documents -** Children in street situations often face problems accessing basic entitlement documents such as identity documents/caste certificates etc. Even the children living in Children's homes face the same problem. They should be supported proactively to obtain legal identity documents. Innovative solutions should be adopted to overcome the challenges. They are highly mobile and often lack the means to keep a physical identity documents safe without losing it, having it damaged or stolen. In some places there are some mechanisms and best practices which are helping the street children in accessing identity documents. These should be studied and implemented across.

**5. Commitment to adequate resources-** The immediate and minimum core obligations imposed by children's rights should not be compromised by any retrogressive measures. Governments should adopt holistic and long-term strategies and make the necessary budget allocations for children in street situations. Government should encourage and support local level, partnership based special interventions on the basis of a Child Rights Approach with flexible and adequate budgets, often led by Civil Society Organisations with local expertise. To develop a long-term program for comprehensive care governments should increase their budget allocations for street children.

**6. Comprehensive Child Protection System and Capacity Building -** Child protection committees should be formed/trained and made functional to address abuse, such as neglect, physical , sexual and emotional abuse. Child Protection System should be strengthened to prevent abuse. Additional in-depth training on a child rights approach is required for professionals working with children in street situations. Basic and specialized training should include on care, protection and education of children and also on attitudinal and behavioural change. To ensure social accountability, Social Audits should be enforced in the Child Care Homes.

**THE GOVERNMENT SHOULD ENCOURAGE AND SUPPORT LOCAL LEVEL, PARTNERSHIP BASE, SPECIALIZED INTERVENTIONS ON THE BASIS OF A CHILD RIGHTS APPROACH.**

**7. Child-centric interventions -** Interventions should include children from a wider range and degrees of vulnerabilities. Experts and experienced people from CSOs should be involved in planning interventions.

**8. Special measures: Access to basic services-** Street children, due to some policy or program implementation bottlenecks, are unable to access basic services such as health and education, and to justice, culture, sport and information. Special measures should be taken to enable the children and make the delivery structures appropriate for accessing basic services.



**9. Support to Parents and Legal Guardians -** The problem of street children cannot be reduced without support to parents and guardians. They should be supported with safe living spaces, liking with urban housing schemes, and social security and livelihood schemes. This will develop parents'/guardians' capacity to take care of their children. Children's participation should be ensured in developing the interventions.

**10. Civil Society Collaboration -** CSO collaboration should be ensured in all aspects of the development of children on the streets. Experience and expertise of CSOs should be availed in the areas of social mobilisation, needs assessment, planning and implementation of care and capacity building of caregivers. Their services should be recognised and supported in running the program.

The provisions of collaboration, linkages and networking with CSOs have also been conferred by the UN Committee of Child Rights on Children in Street Situations under its General Comments and also the JJ Act 2009 & 2015 in its, model Rule 5(viii) mentions the need for linkages and networking with other governmental and non-governmental, corporate and other community-based agencies on providing need-based services to children. The Government should encourage and support local level, partnership base, specialized interventions on the basis of a child rights approach. These interventions should be coordinated by local governments through the National Child Protection System.

National Consultation

# आगे का रास्ता

## मुख्य सिफारिशें



एक दिवसीय राष्ट्रीय कंसल्टेशन के जरिये आयोजकों और इसमें शामिल होने वालों को बाल कल्याण ढांचे में बच्चों की भागीदारी को अलग-अलग दृष्टिकोण से देखने का मौका मिला। कंसल्टेशन से जो खास बातें और कार्यबिंदु चिन्हित किए गए, उन्हें सत्र के आखिर में के. अनुराधा (ईडी-आरएचपी), सत्या पिल्लई (निदेशक, केडीडीसी-आरएचपी) और विनॉय ओहदार (निदेशक, कार्यक्रम- आरएचपी) ने सबके सामने रखा। नीतियों और व्यावहारिक काम को प्रभावित करने वाली जो एडवोकेसी संबद्ध सिफारिशें सामने आईं, वे इस प्रकार हैं-

**1. अधिकार धारक के रूप में बच्चे -** बच्चों को अधिकार धारक के रूप में अपने अधिकारों का दावा करने के लिए तैयार करना चाहिए। इस तरह के दिशानिर्देश तैयार होने होने चाहिए कि बाल संस्था इन अधिकारों को समझने, उनकी मांग रखने और उन्हें व्यवहार में लाने की दिशा में गठित हो। जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों की क्षमताएं इस तरह से विकसित की जानी चाहिए कि वे सड़क पर रहने वाले बच्चों के कल्याण, सुरक्षा और विकास कार्यक्रमों में इन अधिकार-आधारित दृष्टिकोण को समझ सकें।

**2. बच्चों की भागीदारी -** बच्चों की भागीदारी सभी स्तरों पर सुनिश्चित की जानी चाहिए जैसे कि जरूरतों का आकलन, योजना, बाल कल्याण घरों का प्रबंधन आदि। बाल देखभाल गृहों में बाल भागीदारी समीक्षा और दृष्टिकोण को संस्थागत स्वरूप दिया जाना चाहिए।

**3. डाटा संग्रह और रिसर्च -** सड़क पर रहने वाले बच्चों पर प्रामाणिक डाटा की आवश्यकता हमेशा महसूस की जाती है; इसलिए, सड़कों पर रहने वाले बच्चों की गणना के लिए विशेष उपाय किए जाने चाहिए। सर्वे और बच्चों की जरूरतों के मूल्यांकन में सिविल सोसायटी ऑर्गनाइजेशंस सर्विसिज की सेवाएं ली जानी चाहिए।

**4. कानूनी दस्तावेजों तक पहुंच -** सड़क पर रहने वाले बच्चों को अक्सर पहचान दस्तावेजों/जाति प्रमाण पत्र जैसे बुनियादी पात्रता दस्तावेजों को हासिल करने में भी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यहां तक कि होम्स में रहने वाले बच्चों को भी इस दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इसलिए पहचान संबंधी क़ानूनी दस्तावेज़ प्राप्त करने में उन्हें सक्रिय रूप से समर्थन दिया जाना चाहिए। इस काम में सामने आने वाली चुनौतियों से पार पाने के लिए नए तरीके ढूंढे जाने चाहिए। वे किसी एक जगह पर नहीं टिकते इस वजह से उनके लिए अपने भौतिक दस्तावेजों को खोए बिना या नुकसान हुए बिना या चोरी हुए बिना सुरक्षित रख पाना मुमकिन नहीं हो पाता। हालांकि कुछ जगहों पर पर ऐसी व्यवस्थाएं और प्रक्रियाएं हैं जो सड़क पर रहने वाले बच्चों को पहचान के दस्तावेजों को हासिल करने में मदद कर रही हैं। इनका अध्ययन कर इन्हें बाकी जगहों पर लागू किया जाना चाहिए।

**5. पर्याप्त संसाधनों के प्रति प्रतिबद्धता -** बच्चों के अधिकारों के चलते जो भी तात्कालिक व न्यूनतम बुनियादी बाध्यताएं लागू होती हैं, उनपर किसी भी अन्य प्रतिगामी कदमों से समझौता नहीं किया जाना चाहिए। सरकारों को समग्र और दीर्घकालिक रणनीतियां अपनानी चाहिए और सड़क पर रहने वाले बच्चों के लिए आवश्यक बजट आवंटन करना चाहिए। सरकार को लचीले और पर्याप्त बजट के साथ बाल अधिकार दृष्टिकोण के आधार पर स्थानीय स्तर पर साझेदारी आधारित विशेष हस्तक्षेपों का प्रोत्साहन और समर्थन करना चाहिए, जिसका नेतृत्व अक्सर स्थानीय विशेषज्ञता वाले नागरिक संगठनों द्वारा किया जाता है। व्यापक कल्याण के लिए एक दीर्घकालिक कार्यक्रम विकसित करने के लिए सरकारों को सड़क पर रहने वाले बच्चों के लिए अपने बजट आवंटन में वृद्धि करनी चाहिए।

**6. व्यापक बाल सुरक्षा प्रणाली और क्षमता निर्माण -** उपेक्षा और शारीरिक, यौन व भावनात्मक शोषण जैसी स्थितियों से निबटने के लिए बाल संरक्षण समितियों का गठन/प्रशिक्षण किया जाना चाहिए और उन्हें सक्रिय बनाया जाना चाहिए। शोषण को रोकने के लिए बाल संरक्षण प्रणाली को मजबूत किया जाना चाहिए। सड़क पर रहने वाले बच्चों के साथ काम करने वाले कार्यकर्ताओं के लिए बाल अधिकार दृष्टिकोण पर अतिरिक्त गहन प्रशिक्षण की आवश्यकता है। बुनियादी और विशेष प्रशिक्षण में बच्चों की देखभाल, सुरक्षा और शिक्षा के साथ-साथ व्यवहारगत व प्रवृत्ति में बदलाव को भी शामिल किया जाना चाहिए। सामाजिक उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने के लिए, बाल कल्याण घरों में सोशल ऑडिट लागू किया जाना चाहिए।



**7. बाल-केंद्रित हस्तक्षेप -** हस्तक्षेपों के जरिए अलग-अलग पृष्ठभूमि के बच्चों, ऐसी स्थितियों में पलने वाले बच्चों, जहां शोषण की गुंजाइश होती, को शामिल किया जाना चाहिए। हस्तक्षेप की योजना बनाने में सीएसओ के विशेषज्ञों और अनुभवी लोगों को शामिल किया जाना चाहिए।

**8. विशेष उपाय -** बुनियादी सेवाओं तक पहुंच: कुछ नीतियों या कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में बाधाओं के कारण, सड़कों पर रहने वाले बच्चे, स्वास्थ्य व शिक्षा, न्याय, संस्कृति, खेल और सूचना जैसी बुनियादी सेवाओं तक पहुंच बनाने में असमर्थ रहते हैं। बच्चों को इसमें सक्षम बनाने और बुनियादी सेवाओं तक पहुंच के लिए प्रणाली को उपयुक्त बनाने के विशेष उपाय किए जाने चाहिए।

**9. माता-पिता और कानूनी अभिभावकों की मदद -** माता-पिता और अभिभावकों की मदद किए बिना सड़क पर रहने वाले बच्चों की समस्याओं को कम नहीं किया जा सकता है। उन्हें रहने के सुरक्षित स्थान, शहरी आवास योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा और आजीविका योजनाओं से मदद उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इससे माता-पिता/अभिभावकों में अपने बच्चों की देखभाल करने की क्षमता विकसित होगी। इस तरह के कदम बच्चों की भागीदारी से उठाए जा सकते हैं।

**10. सिविल सोसायटी सहयोग -** सड़कों पर रहने वाले बच्चों के विकास के सभी पहलुओं में सिविल सोसायटी ऑर्गनाइजेशंस (सीएसओ) का सहयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए। सीएसओ के अनुभव और विशेषज्ञता का लाभ सामाजिक लामबंदी, जरूरतों के मूल्यांकन, कल्याण योजनाओं व उनका कार्यान्वयन, और देखभाल करने वालों के क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में लिया जाना चाहिए। उनकी सेवाओं को मान्यता दी जानी चाहिए और कार्यक्रम चलाने में उनकी मदद की जानी चाहिए।


नागरिक संगठनों के साथ सहयोग, जुड़ाव और नेटवर्किंग के प्रावधानों को सड़क पर रहने वाले बच्चों के बारे में संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार समिति ने अपनी सामान्य टिप्पणियों में जगह दी है और जुविनाइल जस्टिस अधिनियम 2009 व 2015 के मॉडल नियम 5 (viii) में भी बच्चों को आवश्यकता-आधारित सेवाएं प्रदान करने के लिए अन्य सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों, कॉरपोरेट और अन्य समुदाय-आधारित एजेंसियों के साथ-साथ जुड़ाव और नेटवर्किंग के लिए इन नागरिक समाज संगठनों की जरूरत का उल्लेख किया गया है।

सरकार को बाल अधिकार दृष्टिकोण के आधार पर स्थानीय स्तर पर साझेदारी आधारित, विशेष हस्तक्षेपों का प्रोत्साहन और समर्थन करना चाहिए। इन हस्तक्षेपों को राष्ट्रीय बाल संरक्षण प्रणाली के माध्यम से स्थानीय सरकारों द्वारा समन्वित किया जाना चाहिए।

Documentary On CPRR

# OUR PARTICIPATORY PROCESS THROUGH CAMERA LENS



We firmly believe in upholding the rights of children as declared in UNCRC. At RHP, children's participation is seen as a non-negotiable. There are several mechanisms through which children voice their ideas and opinions about all aspects of their own growth and development as well as the health of the Rainbow home/sneh ghar where they live. Bal Sabhas, clubs, children's committees and brother/ sister groups etc. are some of the forums and practices through which participation is ensured.

Among the various participatory practices, through a film we wished to share the unique, Child led participatory audit, a process of monitoring that is conceived, planned and executed led by children themselves. A short film, presented on the occasion of a national consultation on "Child Participation in Care Interventions - Voices and Experiences of Children" on 6th of April, 2023 at Hyderabad, captures how monitoring is conceived, planned and executed by children themselves for a comprehensive appraisal of care practices from the resident children's point of view.

Film shows the process of how children assess their own homes on a range of indicators identified by them, such as, safety, cleanliness, procurements, supplies, living space, attitudes of caregivers, opportunities for recreation and other interests, availability of essential services, etc. It gives a bird's eye view of the health of the home and flags the areas for improvement from the children's perspective/point of view.




CHILDREN ASSESS THEIR OWN HOMES ON A RANGE OF INDICATORS IDENTIFIED BY THEM, SUCH AS, SAFETY, CLEANLINESS, PROCUREMENTS, SUPPLIES, LIVING SPACE, ATTITUDES OF CAREGIVERS.

# कैमरे के लैंस से हमारी बाल भागीदारी + ऑडिट प्रक्रिया

हम यूएनसीआरसी में घोषित बच्चों के अधिकारों को बनाए रखने में दृढ़ता से विश्वास करते हैं। रेनबो होम्स प्रोग्राम में, बच्चों की भागीदारी से किसी तरह का समझौता नहीं किया जाता है। ऐसे कई सिस्टम प्लेटफॉम हैं, जिनके माध्यम से बच्चे अपने विकास और अपने-अपने रेनबो होम/स्नेह-घर की बेहतरी के सभी पहलुओं के बारे में अपने विचार और राय व्यक्त करते हैं। बाल सभा, क्लब, बच्चों की समितियां और ब्रदर/सिस्टर्स ग्रुप आदि कुछ ऐसे मंच और प्रक्रियाएं हैं जिनके माध्यम से बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित की जाती है।

विभिन्न सहभागी प्रक्रियाओं के बीच, एक फिल्म के माध्यम से हम बच्चों के नेतृत्व में होने वाले अनूठे सहभागी ऑडिट को साझा करना चाहते हैं। यह दरअसल निगरानी की एक प्रक्रिया है जिसकी कल्पना, योजना और कार्यान्वयन बच्चों द्वारा खुद किया जाता है। अप्रैल 2023 में हैदराबाद में बच्चों की भागीदारी के मसले पर आयोजित हुए नेशनल कंसल्टेशन में प्रस्तुत की गई इस लघु फिल्म में दिखाया गया है कि होम में रहने वाले बच्चों के दृष्टिकोण से देखभाल प्रक्रियाओं के व्यापक मूल्यांकन के लिए बच्चों द्वारा खुद निगरानी की कल्पना, योजना और कार्यान्वयन कैसे किया जाता है।





यह फिल्म ये भी बताती है कि बच्चे अपने द्वारा पहचाने गए संकेतकों की एक श्रृंखला के आधार पर अपने होम्स का मूल्यांकन कैसे करते हैं- जैसे सुरक्षा, सफाई, खरीद, आपूर्ति, रहने की जगह, देखभाल करने वालों का रवैया, मनोरंजन के अवसर और अन्य रुचियां, आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता, आदि। यह होम की स्थिति के बारे में व्यापक नजरिया देता है और बताता है कि बच्चों के दृष्टिकोण के अनुसार किन मसलों में सुधार किया जा सकता है।

## FILM MAKING EXPERIENCE









# HOW THE CPRR FILM WAS MADE

There are many ways to understand the reality of life, which make us well acquainted with our thoughts. When we children came to know that a film will be made at our home too, we too were excited. Because it was very important to get an opportunity to participate in the film.

Film made on CPRR was excellent. The purpose of which was to display our home at a glance- how the children of our home are leading their lives on a right path. The experience of making a film on CPRR was wonderful for me. First of all, a meeting was called of all children who were either already members of CPRR or who were about to become. Then the location for shooting was selected. Nirman sir and his camera team were ready to make the film. We were instructed by the director sir not to wear white clothes as it changes color in the camera. It was a new information for us. The shooting of this film was done at Khilkhilahat Home.

On the first day we heard their views from all the members of CPRR. Director sir asked me a question as well, about the way I would you like to see all the activities in a wider scope. I replied that such processes should be followed at every place related to child care in India as well as abroad. This gives children the strength to coordinate, interact, understanding the working of home. It gives the power of participation and the power to express their thoughts.

The next day, all the 10 children were divided into two groups. CPRR members of the first group met the Home staff to take their consent. Then, according to the various indicators, they collected information from concerned staff committee. Wherever needed, they checked the home registers as well. And details were verified by going around the home. Group also met the children of the Home and asked them about their studies. Children were given some set of questions to check their level of knowledge. Available stationery was also checked to verify whether all tools needed to study were there or not. Group was doing everything in the front of the camera.

Second phase started after lunch. We prepared a chart to showcase- "Our Home: At a Glance". Various indicators were to be marked with different coloured dots. This part was the most important and full of fun. We asked all the children to give points to Home on different indicators. As per the points, we asked them about good things and shortcomings on various issues.

We also encouraged children to debate. At some point, everyone will start speaking together, then the director sir would ask them to speak one by one. Wherever our group went, Nirman sir and his camera team would follow to record our activities with the children. A team from Hyderabad also came and joined us.

**Kishor Kumar, Patna**

## फिल्मी अनुभव

# कैसे बनी सीपीआरआर फिल्म

जीवन की वास्तविकता को समझने के अनेक माध्यम हैं, जो हमें अपने विचारों से भलीभांति अवगत कराते हैं। जब हम बच्चों को इस बात की जानकारी मिली कि हमारे होम की भी फिल्म बनेगी तो हम भी फूले न समाए क्योंकि फिल्म में भागीदारी का अवसर मिलना बहुत महत्वपूर्ण बात थी। सीपीआरआर पर बनी फिल्म बहुत शानदार थी, जिसका उद्देश्य होम को एक नजर में प्रदर्शित करना था और बताना कि होम के बच्चे किस तरह अपने जीवन को सही राह पर ले जा रहे हैं। फिल्म का अनुभव मेरे लिए बहुत ही अनूठा रहा। सबसे पहले तो उन सभी बच्चों को बुलाकर मीटिंग की गई जो या तो पहले ही सीपीआरआर के सदस्य थे या फिर सदस्य बनने वाले थे। फिर स्थान का चयन हुआ कि फिल्म कहां बनेगी। निर्माण सर और उनकी कैमरा टीम भी फिल्म बनाने को तैयार थे। फिल्म बनाने की प्रक्रिया यहीं से शुरू हुआ। हमें डायरेक्टर सर की ओर से हिदायत दी गई थी की सफेद कपड़े नहीं पहनने हैं क्योंकि कैमरे में उसका रंग बदल जाता है। यह हमारे लिए एक नई जानकारी थी। फिल्म की शूटिंग खिलखिलाहट होम में हुई।

पहले दिन सीपीआरआर के सभी सदस्यों के विचार सुने गए। डायरेक्टर सर ने मुझसे भी सवाल किया कि आप इन गतिविधियों को किस रूप में देखना चाहेंगे। मैंने जवाब दिया था कि भारत के साथ-साथ विश्व के अन्य देशों में भी यह प्रक्रिया उन सभी जगहों पर होनी चाहिए जो बच्चों से संबंधित कार्य करते हैं। इससे बच्चों में तालमेल, बातचीत, होम को लेकर एक समझ, भागीदारी की ताकत, अपने विचारों को प्रकट करने की ताकत मिलती है।

अगले दिन हम सभी 10 बच्चों को दो ग्रुप में बाँट दिया गया। पहले एक ग्रुप को भेजा गया। इस ग्रुप के सीपीआरआर सदस्यों ने होम के स्टाफ से मिलकर उनकी सहमति ली। फिर इंडिकेटर के हिसाब से संबद्ध स्टाफ समिति से जानकारी ली। ज़रूरत पढ़ने पर होम का रजिस्टर देखा गया और होम में घूम कर इसकी पड़ताल भी की गई। होम के बच्चों से मिलकर उनसे भी सवाल किए गए कि उनकी पढ़ाई कैसी चल रही है। बच्चों को कुछ सवाल देकर उनका टेस्ट भी लिया गया ताकि हमें भी पता चले कि पढ़ाई का स्तर वाकई अच्छा है या नहीं। फिर स्टेशनरी भी चेक की गई कि उसमें पढ़ाई के लिए जरूरी सारी चीजें हैं या नहीं। ये सभी काम हमने कैमरे पर किए।

फिर दूसरा चरण लंच के बाद शुरू हुआ। इसमें हमने एक चार्ट बनाया जिसे "हमारा होम: एक नज़र में" की तर्ज पर सजाना था। उसपर अलग रंगों की टिकलियों से मार्किंग करनी थी। यह चरण ज्यादा महत्वपूर्ण और आनंदपूर्ण था। इसमें हम सभी बच्चों से अलग-अलग इंडिकेटर पर पॉइंट देने के लिए कह रहे थे। जितने पॉइंट वे देते थे, उसी आधार पर उनसे उस इंडिकेटर की अच्छाइयों व खामियों के बारे में पूछा जाता था।

हम बच्चों से डिबेट भी करते थे। बच्चे सब एक साथ बोलने लगते तो डायरेक्टर सर सबको एक-एक करके बोलने को कहते। हमारा ग्रुप जहाँ भी जाता वहां निर्माण सर अपना कैमरा साथ ले आते ताकि वे हमारी एक्टिविटी बच्चो के साथ रिकॉर्ड कर सकें। जब हम होम का ऑब्जर्वेशन कर रहे थे, तब हैदराबाद की टीम भी आई थी जिन्होंने हमारे साथ बढ़-चढ़ कर भागीदारी की।

**किशोर कुमार, पटना**

Documentary On CPRR


# THE PROCESS TO EVALUATE OUR HOMES



Pooja Kumari,
12th Std, Gharaunda Vikasaarth Rainbow Home, Patna

Documentary is a media platform that is based on reality. Film on Child Participatory Review and Reflection (CPRR) is such a film. Film shows through the children, that how our home should be at a glance, and what needs to be improved or developed. Film was shot at Khilkhilahat Rainbow Home, Patna. This film featured two children each from five Rainbow homes in Patna- Asha, Kishore, Aarti, Pooja, Anisha, Prahlad, Gauri, Sanoj, and Akash. Some children from Hyderabad homes also came to Patna and participated.
CPRR includes total 25 indicators on issues like Education, Health, Security, Recreation, Home sanitation etc. On every indicator we give numbers between 0 to 10. This shows how our home is at a glance, and what improvement needs to be done. We don't give 10 out of 10 to any indicator, because it will then indicate that nothing more needs to be done, while in children's home, there is always a scope for improvement. We discuss every issue in detail. After discussing with children, we ask children only to give points t every indicator. The process goes on. We include senior children in the monitoring committee. This committee keeps an eye on whole working of the Home. When we review every three months, then we take a feedback from this committee.
Before going to the review, a chart of 25 indicators is prepared. By putting dots of different colours, children rank very indicator on scale of 0 to 10. This helps in understanding that Home is performing well on which indicators and which areas need some improvement. This also gives a reflection of likes and dislikes of the children of particular Home.

**CPRR includes total 25 indicators on issues like Education, Health, Security, Recreation, Home sanitation etc. On every indicator we give numbers between 0 to 10. This shows how our home is at a glance, and what improvement needs to be done.**












# होम्स को पैमानों पर परखने की प्रक्रिया

डॉक्यूमेंटरी वह फिल्म है जो वास्तविकता पर आधारित होती है। सीपीआरआर पर बनी फिल्म ऐसी ही थी। इसमें बच्चों की नजर से दिखाया गया कि होम कैसा है, कैसा होना चाहिए, और क्या सुधारने की जरूरत है। इस फिल्म की शूटिंग पटना के खिलखिलाहट रेनबो होम में हुई। इस में पटना के पांच रेनबो होम के दो- दो बच्चे शामिल हुए- आशा, किशोर, आरती, पूजा, अनीषा, प्रहलाद, गौरी, सनोज और आकाश। कुछ बच्चे हैदराबाद से आए थे और वह भी इसमें शामिल हुए।

सीपीआरआर प्रक्रिया में शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, रिक्रिएशन, होम सेनिटेशन जैसे मुद्दों पर कुल 25 मानक रखे गए हैं। हम लोग इन्हीं मानकों पर होम को 0 से 10 के बीच में अंक देते हैं। इसी से पता चलता है कि हमारा होम एक नजर मे कैसा हैं, और क्या सुधार की जरूरत हैं । किसी भी मानक पर हम लोग 10 में से 10 अंक नहीं देते क्योंकि उसका मतलब होगा कि आगे किसी सुधार की जरूरत ही नहीं, और बच्चों के होम में ऐसा तो नही होता। इसी तरह हर मुद्दे पर हम विस्तार से बात करते है। बच्चों से बात करने के बाद बच्चों से ही अंक लेते हैं। यह प्रक्रिया चलती रहती हैं। होम के बड़े बच्चों को शामिल करके हम निगरानी कमेटी बनाते हैं। कमिटी होम के सारे कामकाज पर निगरानी रखती है। हम लोग तीन महीने के बाद जब आते हैं तो इसी निगरानी कमेटी से बात करते हैं।

**सीपीआरआर प्रक्रिया में शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, रिक्रिएशन, होम सेनिटेशन जैसे मुद्दों पर कुल 25 मानक रखे गए हैं। हम लोग इन्हीं मानकों पर होम को 0 से 10 के बीच में अंक देते हैं।**

रिव्यू के लिए 25 मानकों का इंडिकेटर चार्ट तैयार किया जाता है। हर मानक के अंक के हिसाब से अलग-अलग रंग की बिंदी लगती है। इससे यह समझने में मदद मिलती है कि कौन सा क्षेत्र ठीक स्थिति में है और कौन से क्षेत्र के लिए काम करने की जरूरत है। बच्चों की पसंद की झलक भी उससे मिल जाती है।

पूजा कुमारी,
12वीं, घरौंदा विकासार्थ रेनबो होम, पटना

RAINBOW SATHI • रेनबो साथी • రెయిన్‌బో సాథీ • ரெயின்போ சாத்தி • ರೈನ್‌ಬೋ ಸಾಥಿ • রেইনবো সাথী

CREATIVE CORNER

# When Colours Express Our Dreams

Not just the best minds of Child Care came together for the National Consultation on the issue of 'Child Participation in Care Interventions' but also the best of creative work of the Home children were on full display with an array of performances of cards, craft, sketches and paintings. A glimpse of beautiful hands!











RAINBOW SATHI • रेनबो साथी • రెయిన్‌బో సాథీ • ரெயின்போ சாத்தி • ರೈನ್‌ಬೋ ಸಾಥಿ • রেইনবো সাথী

# CREATIVE CORNER




















Social Audit

# Experiences Of Child Participatory Audit

## I Became More Confident

I came to Kilkari Rainbow Home in 2020. Later, I was also made a member of CPRR.


The CPRR team first went to Kilkari Rainbow Home. Babu Sir had explained us about CPRR. Hence, my first visit started from our Home itself. Everyone was given 2-2 indicators to work upon. I had to work on playground and sports material related indicators. Initially, I was very nervous to sit and talk with everyone as I was not used to speaking much. Somehow I wrapped up review of my Home smoothly, but when I went to Umeed Aman Home for the visit, I got nervous in the first round itself.

Slowly I started talking to the children there, asked about them, asked about the home. It relaxed me and I started gaining confidence. When it was time to give rank, I was thinking what these children would think if I gave a low rank to Umeed Home, but still I said that Umeed Home needs improvement. When I gave a low rank, the children did not agree. Children kept saying that "our home does not need improvement". I didn't argue and just accepted the number they said for their home. Later, Babu Sir told me that along with listening to everyone, one has to put forward own point as well.

Then, in the second phase, when I went to the Umeed Aman home, I tried to talk to everyone without fear and this time I visited the entire home without hesitation. When it was time to give rank, I first discussed with children and later gave my final rank and also gave suggestions. This time children listened to me and accepted.

The final CPRR meeting was held in Hyderabad. Again, I was very scared to stand on the stage and speak in front of everyone. All members were being called on the stage. My hands and feet started trembling. Children were being asked one by one about their experiences. Finally, my turn also came up. I took a deep breath and placed my review of both the indicators as I experienced. Everyone clapped and I felt very good. Because of CPRR, I learned to express myself.

**Shabina,**
**11thStd, Kilkari Rainbow Home, Delhi**








## मैं आत्मविश्वास से भर गई

मैं 2020 में किलकारी होम में आई थी। बाद में मुझे भी सीपीआरआर टीम का सदस्य बनाया गया।

सीपीआरआर टीम ने किलकारी होम से ही शुरुआत की। बाबू सर ने सीपीआरआर के बारे में हमें समझा दिया था। लिहाजा मेरी पहली विजिट अपने ही होम से शुरू हुई थी। टीम बना कर सब को 2-2 इंडिकेटर दिए गए थे। मुझे खेल के मैदान और खेल की सामग्री से सेबंधित इंडिकेटर देखने थे। शुरू में मुझे सबके साथ बैठ कर बात करने में बहुत घबराहट होती थी। मुझे ज़्यादा बोलने की आदत नहीं थी। जैसे-तैसे अपने होम की विजिट मैंने कर ली लेकिन जब मैं उम्मीद अमन होम गई तो, पहले दौर में खासी घबराई हुई थी।

धीरे-धीरे वहां के बच्चो से बातचीत शुरू की- उनके बारे मे, होम के बारे में पूछा तो आत्मविश्वास आना शुरू हुआ। जब रैंक देने की बारी आई तो मैं सोच में पड़ गई कि अगर उम्मीद होम को कम रैंक देती हूँ तो बच्चे क्या सोचेंगे। फिर भी मैंने कह दिया कि उम्मीद होम में सुधार की ज़रूरत है। जब मैंने कम रैंक दी तो बच्चे माने ही नहीं। वे कहने लगे, "हमारे होम में सुधार की ज़रूरत नहीं।" मैंने बहस नहीं की और जो अंक उन्होंने अपने होम के लिए बोले मैंने मान लिया। बाद में बाबू सर ने समझाया कि सबकी सुनने के साथ-साथ अपनी बात भी रखनी होती है।




दूसरे चरण में जब मैं फिर से उम्मीद अमन होम गई तो मैंने सभी से बिना डरे बात करने की कोशिश की और इस बार मैंने बगैर संकोच के होम विजिट पूरी की। जब रैंक देने की बात आई तो मैंने पहले बच्चों से बात की और बाद में अपनी रैंक दी और साथ ही सुझाव भी रखे। इस बार बच्चों ने मेरी बात आराम से सुनी और मानी भी।

सीपीआरआर की मीटिंग हैदराबाद में ही हुई थी। मुझे स्टेज पर खड़े हो कर सबके सामने बोलने में बहुत डर लगता था। हम सभी को स्टेज पर बुलाया जाएगा, यह सुनते ही मेरे हाथ-पैर कांपने लगे। एक-एक करके बच्चों से उनका अनुभव पूछा जा रहा था। आखिर मेरा भी नंबर आया। मैंने एक लंबी सांस ली और दोनो इंडिकेटर्स पर अपनी बात सामने रखी। सबने तालियां बजाई और मुझे बहुत अच्छा लगा क्योंकि सीपीआरआर की वजह से मैंने अपनी बात को सामने रखनी सीखा।

**शबीना,** 11वीं, किलकारी रेनबो होम, दिल्ली

Social Audit

# Experiences Of Child Participatory Audit

## Helps in making Homes better

Child Participatory Review and Reflections (CPRR) is an evaluation and audit programme run by a Rainbow Home, conducted every three months in different homes. The review process consists of ten leaders who visit different home and have discussion on 25 parameters among the children.

I personally think that this is very useful for every home and important for the children. Through this, children get to learn many things such as, they learn how to improve their home and also improve themselves. It brings about leadership quality. I also learnt how to deal with issues related to students, intervene and propose solutions.

I also got a chance to review the home under this child participatory audit. Doing this, I got to learn many things- who to review, what are the resources available at Home, what are requirements and what can be the best solution to the problem. While doing audit, all leaders interact face to face with children to give points to the home on different parameters. There is a fruitful argument between leaders and children on reasons to give every point. This discussion is quite important as it provides comparative analysis. We get to learn good things of other homes and try to implement them in our home as well and hence, we try to make our home better.

**Gauri Kumari,**
**Gyan Vigyan Rainbow Home, Patna**




## होम बेहतर बनाने में मदद

बाल भागीदारी समीक्षा व प्रतिबिंब (सीपीआरआर) रेनबो होम द्वारा चलाया जाने वाला एक मूल्यांकन व ऑडिट कार्यक्रम है हर तीन माह में क्रमश: अलग-अलग होम में आयोजित किया जाता है। समीक्षा प्रक्रिया में दस बाल नेता शामिल होते हैं जो अलग-अलग होम्स में जाते हैं और बच्चों के बीच 25 बिंदुओं पर चर्चा करते है।

मैं व्यक्तिगत रूप से मानती हूं कि यह हर होम के लिए उपयोगी और बच्चों के लिए महत्वपूर्ण है। इससे बच्चों को कई चीजें सीखने को मिलती हैं जैसे कि अपने होम को बेहतर कैसे बनाएं और खुद को कैसे सुधारें। बच्चों में नेतृत्व क्षमता भी विकसित होती है। मैंने यह भी सीखा कि बच्चों के मसलों से कैसे निबटा जाए, उनमें कैसे दखल दिया जाए और समाधान कैसे सुझाए जाएं।

मुझे भी एक बार बाल भागीदारी ऑडिट के तहत होम की समीक्षा करने का मौका मिला। इससे मुझे कई बातें सीखने को मिलीं- समीक्षा कैसे हो, होम में क्या संसाधन उपलब्ध हैं, क्या जरूरतें हैं और समस्या का समाधान कैसे हो। लेखा परीक्षा करते हुए सभी नेता सभी बच्चों से आमने-सामने बात करते हैं, ताकि होम को विभिन्न मानकों पर अंक दे सकें। हर अंक पर लीडर्स और बच्चों के बीच सार्थक बहस होती हैं। यह बहस एक तुलनात्मक विश्लेषण भी प्रदान करती है। इससे हमें अन्य होम्स की अच्छी बातें सीखने और उन्हें अपने होम में लागू करने का प्रयास करने का मौका मिलता है और, इस तरह हम अपने होम को बेहतर बनाते हैं।

**गौरी कुमारी,** ज्ञान विज्ञान रेनबो होम, पटना

## Developed different aspects of thinking

The social audit provides us with many different aspects of thinking. Through this we learn the importance of every single voice raised in our Homes. This audit methodology is completely different. We find issues in our own Homes that we would normally overlook.

In the first part we review 25 written parameters, while in the second part we discuss the audit component with the children and Home staff. At times, children and the Home staff are not on the same page. For example, in one of the Homes, the storeroom was not maintained properly. In the storeroom of another home all kinds of spare items were kept together with food items in unhygienic manner. We gave our opinion on this and then children themself gave suggestions. In the second visit, we found that most of the issues raised by the children were slowly improving. Among other issues that come up are bullying, anger and the staff's relationship with the children.

This CPRR social audit is of the children, by the children and for the children. They are the most important part of the whole process.

We also observed that children who are generally unable to express themselves in front of staff, are able to present themselves in front of all the team members in this initiative. This helps them to improve their communication skills and present themselves. Even our confidence and communication skills also improved.

**Soni Rashid,** **16 yrs, 12th std and**
**Priyanka,** **15 yrs, 10th std,**
**Khushi Rainbow Home, Delhi**

## सोचने का नजरिया विकसित हुआ

सोशल ऑडिट ने हमें सोचने के कई अलग-अलग पहलू प्रदान किए है। इसके माध्यम से, हमने अपने होम्स में उठने वाली हर एक आवाज की अहमियत को पहचाना है। यह ऑडिट तरीका बिल्कुल अलग था। हमें अपने होम्स में उन मुद्दों का पता चला, जिन्हें हम आमतौर पर नजरअंदाज कर देते थे।

पहले भाग में हम 25 लिखित बिंदुओं की समीक्षा करते हैं और दूसरे भाग में हम बच्चों और होम स्टाफ के साथ ऑडिट बिंदुओं पर चर्चा करते हैं। कई बार बच्चों व होम स्टाफ की राय में अंतर होता है।




उदाहरण के लिए, एक होम में स्टोर रूम का रख-रखाव ठीक से नहीं किया गया था तो दूसरे होम के स्टोर रूम में कई तरह के अतिरिक्त सामान एक साथ रखे गए थे और खाद्य सामग्री भी अस्वच्छ तरीके से रखी गई थी। हमने इस पर अपनी राय दी और फिर खुद बच्चों ने ही सुझाव दिए। अगली बार जब हम वहां गए तो हमने पाया कि बच्चों द्वारा उठाए गए ज्यादातर मुद्दों में धीरे-धीरे सुधार हो रहा था। कुछ और जो मुद्दे सामने आए, उनमें दबंगई, गुस्सा और बच्चों के साथ स्टाफ के रिश्ते के मसले भी थे। यह सोशल ऑडिट बच्चों के लिए, बच्चों द्वारा और बच्चों के लिए है। बच्चे ही इसका सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। हमने यह भी देखा जो बच्चे अक्सर स्टाफ के सामने अपनी बात नहीं कह पाते थे, वे इस पहल में टीम के सदस्यों के सामने रख पाते थे। इस तरह उन्हें संवाद बढ़ाने और खुद को प्रस्तुत करने का भरोसा मिला। यहां तक कि हमारा अपना आत्मविश्वास भी बढ़ा।

**सोनी राशिद,** 16 साल, 12वीं क्लास और
**प्रियंका,** 15 साल, 10वीं क्लास, ख़ुशी रेनबो होम, दिल्ली

Social Audit

# Chance to work for own betterment

**Social Audit Gave Us A Chance To Speak For Our Rights And For Our Betterment. The Journey Was Full Of Excitement And Challenges.**

This was the first time when children of Rainbow Homes participated in Social Audit. This initiative was taken under the concept of "for the children, by the children and to the children". The team of children was formed from their homes in Delhi which had 4-5 members from each home. Initially, we attended meetings taken by the state team member who gave us the idea and the motto of this initiative (CPRR). We were divided into groups with indicators allotted to each member of the team to take review and observation. We used to talk and discuss with the children of the different homes, asking them questions.

During the first stage of the CPRR we noted down some important points on which we have to work and were to give suggestions and feedback. Such as, is the quality and taste of the food good? How is the education system at the home? Health facilities are provided at Rainbow Home or not? Through this process we got to know the areas which need to improve and the areas need to be appreciated.

The social audit was fully processed by the Rainbow children. The participation of the staff and the management team was not allowed. This was done to have full participation from children in the process without any fear and hesitation. As the members of this CPRR, we were truthful and honest.

Social Audit gave us a chance to speak for our rights and for our betterment. The journey was full of excitement and challenges. This social audit impacts our living, helps us to improve by giving us quality education & life.

**Asma Sheikh,** 17 yrs, 12th Std & **Parveen Aslam,** 15 yrs, 10th Std, Khushi Rainbow Home, Delhi

## अपनी बात को रखना सीखा



When we brought up this issue, the wall was raised and barbed wiring installed.

पहली बार जब सीपीआरआर के लोग हमारे होम आए तब मुझे समझ नहीं आ रहा था की इस मीटिंग में चल क्या रहा है। फिर जब सारे बच्चों ने बाबू सर से बात की तो पता चला कि सोशल ऑडिट के लिए बच्चों को चुना जा रहा है। बाबू सर ने बताया कि हमें अलग-अलग होम में जा कर सोशल ऑडिट करना है जिस तरह एक ऑडिटर चेकिंग करते हैं।

मेरे लिए अपने होम में तो ऑडिट करना आसान लगा। लेकिन जब दूसरे होम में गए थे तो थोड़ा संकोच था कि बच्चों से कैसे बात करेंगे, अपनी बात कैसे समझाएंगे। होम के बच्चों से बात करना शुरू की तो पता चला कि बहुत सारी परेशनियां हैं। मुझे मिले इंडिकेटर्स के हिसाब से मैंने बच्चों के बाथरूम और गार्डन एरिया को देखा साथ ही रूम की साफ़-सफाई भी देखी। लेकिन कई दिक्कतें सामने आई और हमने उन पर सब बच्चों से बात की। पहले चरण में थोड़ी मुश्किल हुई थी। लेकिन दूसरे चरण में में सबका अच्छा बर्ताव था और जो कमियां पहली बार में दिखी थी, दूसरी बार में उनमें भी सुधार था। सब चीज़ें ठीक तरीके से थी और गार्डन भी साफ़ था। इस सोशल ऑडिट से मैंने बहुत सारी चीज़े जानी और सीखीं। यह भी सीखा कि सबके सामने किस तरह से बोला जाता है और अपनी बात किस तरह से पेश की जाती है कि सबको समझ में आए।

**संजना**, 12वीं, किलकारी रेनबो होम, दिल्ली





# होम की बेहतरी के लिए काम करने का मौका



CHILD PARTICIPATORY REVIEW AND REFLECTION

**FOOD**

1. Freshly cooked and tasty
2. Nutritious and well balanced
3. Using a variety of seasonal vegetables
4. Served on time
5. Special diet for underage children
6. Special meals for festivals
7. Clean drinking water
8. Served with dignity
9. No wastage
10. Kitchen and its environs should be clean
11. Storage of food items and gadgets
12. Food handlers should maintain personal hygiene
13. Disposal of waste



CHILD PARTICIPATORY REVIEW AND REFLECTION

**HEALTH**

1. Accessibility of first aid box – its contents, usage, training
2. Sick room; quarantine facility
3. Tie-ups with nearby clinics and hospitals
4. Transport facility like ambulance or auto
5. Regular check-ups and camps (dental, ophthalmic, gynae)
6. Investigations for all children including regular deworming and TT vaccination
7. Growth and development – regular monitoring
8. Care for children with long-term illnesses, malnourished children, special needs children
9. Special diet for sick and malnourished children



**PROTECTION**

1. Presence of boundary wall, gate, guard, CCTV cameras
2. Is the Home in good condition ensuring physical safety?
3. Do children sleep according to their ages, with one team member always accompanying them?
4. Are the bathrooms and toilet areas, backyards and other dark corners well-lit at night?
5. Is a zero watt bulb lit in dormitories during the night?
6. Is there a Care Team with a Child Protection Officer?
7. Are the details of the Child Protection Committee displayed prominently?
8. Are the children familiar with the CPC members? How often do they visit the Home and meet the children?
9. Is the Suggestions Box placed within reach?
10. Are non-negotiables displayed prominently?
11. Are the children and team members familiar with the CPP and have undergone training?
12. Have children read the comic version of the CPP and are they familiar with the contents?
13. Do children have clarity on what constitutes abuse and whom to reach out to in case they experience it in the Home?
14. Are children aware of what will happen if they raise any concerns regarding their protection?

यह पहली बार था कि हम रेनबो होम के बच्चों ने सोशल ऑडिट में भाग लिया। यह पहल "बच्चों की, बच्चों के लिए और बच्चों के द्वारा" की अवधारणा के तहत की गई थी। दिल्ली के सभी होम्स से बच्चों की टीम बनाई गई थी जिसमें प्रत्येक होम से 4-5 बच्चे शामिल थे। चुने गए बच्चों की पहले एक बैठक राज्य टीम के सदस्य ने ली थी। इसमें हमें इस पहल (सीपीआरआर) के विचार और आदर्श को समझाया। इसके बाद हमें समीक्षा और अवलोकन के लिए टीम के प्रत्येक सदस्य को मिले इंडिकेटर्स के साथ अलग-अलग ग्रुप में बांट दिया गया। हम तमाम होम के बच्चों के साथ बात करके चर्चा करते थे।

सीपीआरआर के पहले चरण के दौरान हमने कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं को नोट किया जिनपर हमें काम करना था और सुझाव व प्रतिक्रियाएं देनी थी। जैसे कि, क्या भोजन की गुणवत्ता और स्वाद अच्छा है? होम में शिक्षा व्यवस्था कैसी है? होम में स्वास्थ्य सुविधा कैसी है? वगैरह। इस प्रक्रिया से हमें पता चला कि किन क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है और किन क्षेत्रों की सराहना की जानी चाहिए।

सोशल ऑडिट की पूरी प्रक्रिया बच्चों द्वारा संचालित थी। इसमें रेनबो स्टाफ और मैनेजमेंट टीम की भागीदारी की अनुमति नहीं थी। ऐसा बच्चों की बिना किसी डर और झिझक के पूर्ण भागीदारी के लिए किया गया। इस पूरी ऑडिट प्रक्रिया में सीपीआरआर के सदस्यों के रूप में, बच्चे पूरी तरह निष्पक्ष बने रहे।

सोशल ऑडिट ने हमें अपने अधिकारों और बेहतरी के लिए बोलने का मौका दिया। पूरी यात्रा उत्साह और चुनौतियों से भरी थी। सोशल ऑडिट हमारे जीवन को प्रभावित करता है, ताकि हमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व जीवन मिले।

**अस्मा शेख,** 17 साल, 12वीं कक्षा व **परवीन असलम,** 15 साल, 10वीं कक्षा, ख़ुशी रेनबो होम, दिल्ली

## Learned To Express While Audit

When the CPRR people came to our Home for the first time to have a meeting, I could not understand what was going on in this meeting. Then when all the children talked to Babu Sir, we came to know that children are being selected for this CPRR social audit. He told that all of we had to go to different homes and do that social audit, the way an auditor checks. It seemed easy for me to do an audit in my Home. But when I went to other Homes, I was feeling a bit strange that how would I talk to the children, how would I explain my point of view. When I started talking to the children at home, I came to know that there are many problems. According to indicators assigned to me, I looked at the children's bathroom and garden area as well as the cleanliness of the room. But a lot of things turned out to be not up to the mark in the Home. We talked to the children about it. There were many problems to be faced in the first phase. But in the second phase, everyone behaved well and the problems which were seen in the first phase had also improved in the second phase. Everything was properly kept and the garden was clean. I learned a lot from this social audit. Such as, how do you speak publicly and how do you express yourself so that people can understand.

**Sanjana,**
12th Std, Kilkari Rainbow Home, Delhi

CHENNAI



# The breadwinner of the family

Our young adult Rainbow girl Rajalakshmi came to Rainbow Home after completing her 7th standard. Her family had migrated to Chennai. Earlier they used to roam in different districts for their daily wage work. Rajalakshmi has three siblings. Buy only she joined Rainbow Home. She was good in studies, always getting good marks. She passed class 10th with 402 marks and got 373 marks in class 12th.

Rajalakshmi's parents wanted to stop her studies and get her married as soon as she passed class 12th. At that point, the futures team of Rainbow Homes continuously consulted her family and got Rajalakshmi enrolled in college for a 3-year diploma in general nursing. The futures team of Rainbow Homes and Rajalakshmi had to face lot of struggle and problems from her family in these 3 years. But we stood by her to complete her education.

None of the girls from her family or even from her village had ever gone to college. She was the first girl to study in a college and now she is working as a nurse at Bharat Hospital, Tambaram, Chennai. We had organized a parent meeting after she completed 3-year course. Her parents were very happy and expressed their gratitude towards us as gradually they have understood the importance of education for girls. Her father's health is not good at this time. Now Rajalakshmi is taking care of her family. She has now become the breadwinner of the family.



**K. Lakshmipriya,**
Coordinator – Aftercare, Rainbow Home - Chennai

# परिवार को चलाने वाली

रेनबो की हमारी युवा वयस्क राजलक्ष्मी अपनी 7वीं कक्षा की पढ़ाई पूरी करने के बाद रेनबो होम आ गईं। उसका परिवार तब चेन्नई आ गया था। इससे पहले वे लोग दिहाड़ी मजदूरी पर काम के लिए अलग-अलग जिलों में घूमते रहते थे। राजलक्ष्मी के तीन और भाई बहन हैं। लेकिन होम में सिर्फ राजलक्ष्मी ही आई। वह पढ़ाई में अच्छी थी और हमेशा अच्छे नंबर लाती थी। उसने 10वीं कक्षा 402 अंक से पास की और 12वीं कक्षा में उसे 373 अंक मिले।

12वीं कक्षा पास करते ही राजलक्ष्मी के माता-पिता उसकी पढ़ाई बंद करवा उसकी शादी कर देना चाहते थे। तब, रेनबो होम्स की फ्यूचर्स टीम ने लगातार उसके परिवार के साथ बहुत परामर्श किया और राजलक्ष्मी का सामान्य नर्सिंग में 3 साल के डिप्लोमा के लिए कॉलेज में दाखिला करवा दिया। इन तीन सालों के दौरान रेनबो होम्स की फ्यूचर्स टीम और राजलक्ष्मी को उसके परिवार की ओर से बहुत सारे संघर्ष और समस्याएं का सामना करना पड़ता लेकिन हम उसकी पढ़ाई पूरी करने के लिए उसके साथ खड़े रहे।

उसके परिवार से और यहाँ तक कि उसके गाँव में से भी कोई भी कभी लड़की कॉलेज नहीं गई थी। वह पहली लड़की थी जो कॉलेज पहुंची और अब वह भारत अस्पताल, तंबरम, चेन्नई में नर्स के रूप में काम कर रही है। हमने उसका 3 साल का कोर्स पूरा होने के बाद एक अभिभावक बैठक आयोजित की थी, उसके माता-पिता उसमें आए और बहुत खुश हुए और हमारे प्रति अपना आभार व्यक्त किया। आखिरकार उन्होंने लड़कियों के लिए शिक्षा के महत्व को समझा। उनके पिता की इस समय तबीयत ठीक नहीं है। अब राजलक्ष्मी परिवार की देखरेख करती है और उसका खर्च भी उठाती है।



12वीं पास करते ही राजलक्ष्मी के माता-पिता ने पढ़ाई बंद करवा उसकी शादी कर देना चाहते थे। तब, रेनबो होम्स की फ्यूचर्स टीम ने उसके परिवार के साथ परामर्श किया और राजलक्ष्मी का सामान्य नर्सिंग में 3 साल के डिप्लोमा के लिए कॉलेज में दाखिला करवा दिया।

**के. लक्ष्मीप्रिया,**
समन्वयक – आफ्टरकेयर, रेनबो होम, चेन्नई


# "KAZHUGU" THE WALL MAGAZINE

We are conducting a wall magazine activity in each of our Rainbow Homes in Chennai to increase the interaction between our children and express their creativity and thoughts. In this wall Magazine children can participate by posting their stories, poems, drawings, letters and articles. Every month a theme is given according to the festivals, birthdays of former leaders of India and important days in the month.

Children can write articles, poems and paintings according to the theme. Even Home management members can also display their Rainbow Home news, children's achievements, interviews with eminent personalities, etc. This activity is surely helpful to increase the interaction between our Rainbow Homes children and express their special talents.

**Anandaraj. A,**
Coordinator – Residential Care, Rainbow Homes, Chennai

# "काज़ुगु"- वॉल मैगज़ीन



हम चेन्नई के प्रत्येक रेनबो होम में एक वॉल मैगज़ीन गतिविधि आयोजित कर रहे हैं। इसका उद्देश्य हमारे बच्चों के बीच संवाद बढ़ाना और उनकी रचनात्मकता को अभिव्यक्त करना है। इस वाल मैगज़ीन में बच्चे अपनी कहानियाँ, कविताएँ, चित्र और पत्र, लेख लिख कर लगा सकते हैं। हर महीने के त्योहारों, पूर्व नेताओं के जन्मदिन और महीने के महत्वपूर्ण दिनों के अनुसार एक थीम हम तय कर देते हैं। बच्चे थीम के अनुसार अपने लेख, कहानी, कविता, चित्र बना सकते हैं। यहां तक कि होम प्रबंधन टीम के सदस्य भी अपने होम की खबरें, बच्चों की उपलब्धियां और प्रतिष्ठित शख्सियतों के साक्षात्कार प्रदर्शित कर सकते हैं। यह गतिविधि निश्चित रूप से हमारे बच्चों के बीच संवाद बढ़ाने और उनकी विशेष प्रतिभा को सामने लाने में सहायक होगी।

**आनंदराज. ए,**
समन्वयक - रेजिडेंशियल केयर, रेनबो होम्स, चेन्नई

RAINBOW SATHI • रेनबो साथी • రెయిన్‌బో సాథీ • ரெயின்போ சாத்தி • ରୈନ୍‌ବୋ ସାଥି • রেইনবো সাথী
RAINBOW SATHI • रेनबो साथी • రెయిన్‌బో సాథీ • ரெயின்போ சாத்தி • ରୈନ୍‌ବୋ ସାଥି • রেইনবো সাথী
RAINBOW SATHI • रेनबो साथी • రెయిన్‌బో సాథీ • ரெயின்போ சாத்தி • ରୈନ୍‌ବୋ ସାଥି • রেইনবো সাথী



# SISTER CYRIL

## Created The Colours Of Our Rainbow Homes

**Sr. Cyril** Mooney was the founder of 'Rainbow Home concept for homeless girls' which offered safe shelter, care, protection, affection, nutrition, physical health, emotional wellbeing and education without any rejection or stigma. Sister Cyril acclaimed these street connected girls as 'Rainbows' as no one can ever catch a colorful Rainbow, though everyone can admire its beauty.

Rinky, one of the young adults nurtured by Sr. Cyril at Sealdah Rainbow Home shared the same feeling about her while paying her tribute, "You (Sr. Cyril) accepted us the way we were. You saw our potential when others couldn't, and you guided us forward on the path of love, education, and empowerment."

When I remember Sr. Cyril, I always remember her acceptance of girls without any reservation or discrimination or patronizing ideology. Sister Cyril created an inclusive institution and shared space at Sealdah Loreto Day School. It was one of the rarest things to do by any elite school in India. Creating Rainbow Home for homeless girls on top floor of Sealdah Loreto Convent School was indeed a starting point for Rainbow Homes, which are now spread to 10 cities in 9 states, where we have 47 such homes.

Sr. Cyril convinced Loreto diocese to start Rainbow homes in six prestigious Loreto Convents in Kolkata from 2002 to 2006, and later eventually she extended the same model to 20 government schools in Kolkata under the Urban Deprived Children Residential Hostel between 2012 to 2018.

Once, Sr. Cyril was questioned by a few affluent parents of regular day scholar students about this mixing of their children with Rainbow Girls in the school classrooms. They were unhappy about this decision of the school Principal- Sr. Cyril herself. Upon this, Sr. Cyril answered, "I am teaching your children compassion and inclusiveness in classrooms, and you are bothered about it? When I teach your child math, science, and other subjects you never object, then why are you not liking this values' imparting? If it is your decision not to let your children mingle with Rainbow children or other vulnerable children, you can certainly pull out your children from this school, and I will be happy to give TCs to your children."

Sr. Cyril preached and practiced the principle of 'classrooms without any class or discrimination.'

Sr. Cyril was a marvelous woman who brought lots of changes and created chances for many and especially deprived children. Her compassionate work guided us a lot in this Rainbow Journey. Her passion to reach various categories of marginalized and vulnerable children utilizing the premises of convent school in Kolkata was phenomenal. The way she sensitized and enlightened the children from dominant classes in India was also a great successful experiment. This all happened because she was free from any kind of prejudice about the religion and origin.

Our Sr. Cyril was indeed a beautiful human being.

**K. Anuradha,** Executive Director, Rainbow Homes Program

Tribute

## SHE WILL ALWAYS BE WITH US

I remember the year 2009, but I don't remember the exact date. For the first time in my life, I left my mother and family and came to Rainbow Home in Kolkata to study. Although my sisters already lived here so I did not have to suffer that much. At first it was a little difficult to adapt to everything, but with time I learned everything.

I still remember the person because of whom today I am able to establish myself and reach my goals by overcoming the barriers of life. She was none other than my dear Sister Cyril. She spread the light of education among us just as a banyan tree spreads its roots everywhere. Even today I remember how in the morning after prayer everyone would rush to seek her blessings. How lovingly she used to say God bless you with her hand on everyone's head. At that time, I did not know what it meant. But today I realize that whatever success we have achieved in our life, it was because she used to bless us with the touch of her gentle hands. I may not have seen God in real life, but I met God in a human form of her. If I had to describe her, "an angel from heaven" might be the best words to describe her.

"Be well, sister, you are always immortal to us!"

**Madhumita,** Rainbow Home Alumni, Trainee Nurse, Kolkata

## "YOU ACCEPTED US THE WAY WE WERE"

We, your Rainbow children, offer our heartfelt gratitude and prayers on behalf of all those whose lives you touched and transformed. You accepted us the way we were. You saw our potential when others couldn't, and you guided us towards the path of love, education, and empowerment. We thank you for believing in us and teaching us to embrace our uniqueness. Through your kindness and compassion, you opened doors that were once closed, giving us the opportunity to flourish and thrive. May your spirit find eternal peace in the loving arms of the Almighty. And, may you be surrounded by the colours of the rainbow, representing the hope and joy you brought into our lives. Let us pray to the lord!

**Rinky,** Mass communication student, Loreto Rainbow Home, Kolkata

Tribute

# सिस्टर सिरिल ने हमारे होम्स में इंद्रधनुषी रंग भरे

सिस्टर सिरिल मूनी ने ही बेघर लड़कियों के लिए रेनबो होम की परिकल्पना की थी, जहां उन्हें बिना किसी पूर्वाग्रह, तोहमत या अपमान के एक सुरक्षित आश्रय, देखभाल, हिफाजत. प्यार, पोषण, अच्छी सेहत, भावनात्मक दृढ़ता और शिक्षा- सब मिल सके। सिस्टर सिरिल ने इन फुटपाथ से निकल कर आई बच्चियों को इंद्रधनुष कहा था, जिसकी सुंदरता को सब सराह तो सकते हैं, लेकिन उसे कोई छू नहीं सकता।

सियालदह रेनबो होम में सिस्टर सिरिल की छत्रछाया में बढ़ी हुई हमारी एक युवा वयस्क रिंकी ने उन्हें याद करते हुए इसी तरह के भाव व्यक्त किए थे, "हम जैसी थी, आपने हमें वैसे ही स्वीकार किया। आपने हममें क्षमताओं को पहचाना जो बाकी लोग नहीं कर पाए, और आपने हमें प्रेम, शिक्षा व सशक्त बनने की राह पर आगे बढ़ाया।"

जब मैं सिस्टर सिरिल को याद करती हूं तो हमेशा ख्याल आता है कि उन्होंने किस तरह से बगैर किसी भेदभाव, संकोच या संरक्षक भाव के, बच्चियों को अपनाया। उन्होंने एक समावेशी संस्थान खड़ा किया और सियालदह लॉरेटो डे स्कूल की जगह को साझा किया। यह भारत में किसी भी बड़े स्कूल के लिए करना उस समय बड़ी ही दुर्लभ बात थी। सियालदह लॉरेटो कांवेंट स्कूल के सबसे ऊपरी माले पर बेघर बच्चियों के लिए रेनबो होम खड़ा करना रेनबो होम्स का शुरुआती बिंदु था जो अब 9 राज्यों के 10 शहरों में फैल चुका है और हमारे पास 47 ऐसे होम्स हैं।

सिस्टर सिरिल ने 2002 से 2006 के बीच लॉरेटो डाइसीस को कोलकाता में छह प्रतिष्ठित लॉरेटो कांवेंट में रेनबो होम खोलने के लिए राजी किया और फिर इसी मॉडल का विस्तार 2012 से 2018 के बीच कोलकाता के 20 सरकारी स्कूलों में भी शहरी वंचित बाल निवासीय हॉस्टल के तहत किया गया।

एक बार उनके नियमित डे स्कूल के छात्रों के कुछ संपन्न अभिभावकों ने स्कूलों की कक्षाओं में अपने बच्चों के साथ रेनबो होम की लड़कियों को बैठाने पर उनसे सवाल किया क्योंकि वे इस पर काफी नाराज थे। इस पर सिस्टर सिरिल ने उन्हें जवाब दिया, "मैं आपके बच्चों को क्लासरूम में प्रेम व मिल-जुलकर रहना सिखा रही हूं और आप लोग इससे परेशान हैं? जब मैं आपके बच्चों को गणित, विज्ञान और बाकी विषय सिखाती हूं, तब तो आपको कोई परेशानी नहीं होती, तो फिर जब मैं उन्हें जीवन मूल्य सिखा रही हूं तो आपको क्यों नहीं पसंद आ रहा? फिर भी अगर आप यह चाहते हैं कि आपके बच्चे रेनबो होम के बच्चे या अन्य वंचित तबकों के बच्चों से न घुले-मिलें तो आप बेशक अपने बच्चों को स्कूल से बाहर निकाल सकते हैं, मुझे आपके बच्चों को टीसी थमाने में खुशी होगी।"

सिस्टर सिरिल बिना किसी भेदभाव वाले क्लासरूम के सिद्धांत को मानती थीं और उसे पूरी तरह से व्यवहार में भी लाती थीं।

सिस्टर सिरिल एक शानदार महिला थीं जिन्होंने कई बदलावों को नींव रखी और खास तौर पर वंचित तबके के बच्चों के लिए कई मौके खड़े किए। उनके इस संवेदनशील व्यक्तित्व ने हमें रेनबो होम के काम में दिशा दी। कोलकाता में कांवेंट स्कूल के परिसरों का इस्तेमाल करके वंचित व हाशिये के तबके के बच्चों तक पहुंच बनाने का उनका जुनून बहुत ही मार्के का था। उन्होंने जिस तरह से संपन्न तबके के बच्चों के भीतर संवेदनशीलता लाने व उन्हें जागरूक बनाने का प्रयोग किया, वह भी अनूठा था। यह सब इसलिए था क्योंकि वे बच्चों के प्रति किसी भी पूर्वाग्रह से मुक्त थीं।

हमारी सिस्टर सिरिल एक बेहद ही खूबसूरत इंसान थीं।

**के. अनुराधा,** एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, रेनबो होम्स प्रोग्राम

## वह हमेशा हमारे साथ रहेंगी

मुझे याद है कि वह 2009 का साल था। जिंदगी में पहली बार मैं अपनी मां व परिवार को छोड़कर कोलकाता में पढ़ने के लिए रेनबो होम आई थी। हालांक मेरी बहनें पहले से ही यहां थी, इसलिए मुझे ज्यादा परेशानी नहीं उठानी पड़ी। शुरू में हर चीज को अपनाने में दिक्कत तो हुई लेकिन धीरे-धीरे मैंने सब सीख लिया।

मुझे उस व्यक्तित्व की याद है कि जिसकी बदौलत मैंने खुद को खड़ा किया और जीवन की सारी तकलीफों को पार करके अपने लक्ष्य हासिल किए। वह सिस्टर सिरिल ही थीं। बरगद के पेड़ जैसी विशाल छत्रछाया थी उनकी। उन्होंने हमारे भीतर शिक्षा की अलख जगाई। मुझे याद है कि रोज सवेरे प्रार्थना के बाद कैसे सभी लोग उनका आशीर्वाद लेने भागते थे। वह भी बड़े प्रेम से सबके सिर पर हाथ फेरकर सबको आशीष देती थीं। अब मुझ लगता है कि जीवन में जो भी कामयाबी मुझे मिली है, वह उन्हीं के आशीष की बदौलत है। वह मेरे लिए इंसान के रूप में ईश्वर सरीखी थीं, एक देवदूत! वह हम लोगों के लिए हमेशा अमर रहेंगी।

**मधुमिता,** रेनबो होम की पूर्व छात्रा, ट्रेनी नर्स, कोलकाता








## आपने, हम जैसी थी, वैसे ही हमें अपनाया

हम, रेनबो होम के बच्चे उन सभी की तरफ से आपको दिल से याद करते हैं जिनकी जिंदगियों को आपने छुआ और बदला था। हम जैसे थे, वैसे ही आपने हमें स्वीकार किया और अपनाया था। आपने हममें क्षमताओं को पहचाना जो बाकी लोग नहीं कर पाए, और आपने हमें प्रेम, शिक्षा व सशक्त बनने की राह पर आगे बढ़ाया। हममें भरोसा दिखाने के लिए और हमें अपने अनूठेपन को महसूस करना सिखाने के लिए हम आपके हमेशा शुक्रगुज़ार रहेंगे। आपने अपने प्रेम व संवेदनशीलता से हमारे लिए वे रास्ते खोले जो पहले बंद थे और हमें उगने व पनपने का मौका दिया। हमारी दुआ है कि आपको उस सर्वशक्तिमान की प्रेम भरी बाहों में आत्मिक शांति मिले। आप हमेशा उसी इंद्रधनुष की छाया में घिरी रहें, जिसके रंगों से आपने हमारी जिंदगियों में उम्मीद पैदा की।


**रिंकी,** मास कम्युनिकेशन की छात्रा, लॉरेटो रेनबो होम, कोलकाता



Tribute

# Remembering Sister Cyril

Children at Rainbow Homes in Pune remembered Sister Cyril through prayers, writings and sketches!


Name – Vaishnavi Jadhav
Std. 9th
Recte – Phule Nagar Pune


* Poem In memory of Sister Cyril *

oh mother, how can we repay your favors?
To the little ones like me whose roof is the sky
you have provided security
oh mother, how can we repay your favors?
my hands selling balloons
you turned to the pen
oh mother, how can we repay your favors?
Why am I sad infront you?
Because of you, my life has come to life
oh mother, how can we repay your favors?
how can we repay your favors?













## Prayer प्रार्थना ప్రార్థన

God!
Thank you for this beautiful life as part of creation!

WE believe, we wish, to live in friendship and mutual respect with head held high, in courage and self confidence.

We believe, we wish that all human beings, whether men or women, live in equality, and in happiness, whatever their colour, caste, class, religion, region, language or abilities.

We believe that, we wish to strongly oppose divisive forces and ideologies that spread hatred and divide us and support democratic and non-violent actions for justice, humanity, truth and peace, taking injustice done to others as inflicted on us.

WE believe in, we wish to contribute our mite towards, the building of more humane and free world, in good health and joyful learning and spreading knowledge.

God!

We believe in, and wish to join our tiny hands with the multitude of the people in this ages-old divine journey of love.

ईश्वर अल्लाह
हमारी ये दुआ है कि इस दुनिया में कोई भी बच्चा ना हो जिसे भोजन प्यार सुरक्षा और शिक्षा न मिले और यह भी प्रार्थना हैं कि हम अपने आस पास सबकी जिंदगी में खुशी की रोशनी भर दे।



ಈಶ್ವರ ಅಲ್ಲಾ ಜೀಸಸ್
ನಿಮ್ಮಲ್ಲಿ ನಮ್ಮೆಲ್ಲರ ಪ್ರಾರ್ಥನೆ
ಈ ಜಗತ್ತಿನಲ್ಲಿ ಯಾವುದೇ ಮಗು
ಆಹಾರ ಪ್ರೀತಿ, ಸುರಕ್ಷತೆ ಮತ್ತು
ಶಿಕ್ಷಣದಿಂದ ವಂಚಿತರಾಗದಿರಲಿ
ಇದು ನಮ್ಮ ಪ್ರಾರ್ಥನೆ
ನಮ್ಮ ಹಾಗೂ ನಮ್ಮ ಸುತ್ತಮುತ್ತಲಿನ
ಎಲ್ಲರ ಜೀವನದಲ್ಲಿ ಸಂತೋಷ
ಹಾಗೂ ಪ್ರೀತಿಯನ್ನು ಕರುಣಿಸಿ.

# NEWSLETTER OF RAINBOW HOMES

(for private circulation only)




## OPEN HEARTS, OPEN GATES

Rainbow Homes Program - ARUN works with Rainbow Homes (For girls) and Sneh Ghar (For boys) to empower children formerly on the streets to reclaim their childhood by providing Comprehensive Care Food, Shelter, Health and Education.

Rainbow Homes EMBRACE. EDUCATE. ENABLE.

**RAINBOW HOMES PROGRAM**

**Association for Rural and Urban Needy**

Rainbow Foundation India, National Secretariat, Vijaya Lakshmi Avenue

H.No.1-3-183/40/21/53, Flat no. 2 & 3, Road no. 5, P&T Colony, Gandhinagar, Hyderabad - 500080